
RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार 29 जून 2023 | वर्ष 05 | अंक 67 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक




Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## 4-5 दिन होगी मूसलाधार बारिश, BMC ने अधिकारियों को किया अलर्ट

# बाढ़ का खतरा



**मुंबई.** भारी बारिश के कारण आम जनजीवन पर काफी असर पड़ा है। शहर के कई इलाकों में जलभराव हो गया है, जिसके कारण व्यस्त वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे समेत कई प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक जाम लग गया। इस बीच, अगले 4-5 दिनों तक मुंबई और इसके आसपास के इलाकों में भारी बारिश जारी रहने की संभावना है। इसे देखते हुए बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने भी कमर कस ली है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मुंबई, ठाणे और पालघर के लिए आज ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। उधर, बीएमसी ने अपने अधिकारियों को उनके क्षेत्र के निचले इलाकों का दौरा करने और बाढ़ जैसी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा है। बीएमसी कमिश्नर व प्रशासक इकबाल सिंह चहल आज खुद फिल्ड पर उतरे और हालात का जायजा लिया। बीएमसी कमिश्नर इकबाल सिंह चहल ने आज अधिकारियों को उनके अधिकार क्षेत्र में बाढ़ की संभावना वाले निचले इलाकों का दौरा करने का निर्देश दिया है। बीएमसी प्रशासक ने एक बयान में कहा ह्लआज से शुरू होने वाले अगले 4-5 दिनों में मुंबई में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है।

### एक शख्स की मौत, अंधेरी सबवे किया गया बंद



**मुंबई.** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई और उससे सटे ठाणे में बुधवार सुबह से ही लगातार बारिश हो रही है, जिससे सामान्य जनजीवन खासा प्रभावित हुआ है. मूसलाधार बारिश के चलते हुए कुछ इमारतों का हिस्सा ढह गया और कई घरों तक में पानी भर गया. सड़क पर जलजमाव के कारण अंधेरी सबवे को वाहनों की आवाजाही के लिए बंद करना पड़ा. वहीं मलाड में पेड़ गिरने से एक व्यक्ति की मौत की भी खबर है.

बृहन्मुंबई नगर निगम ने कहा है कि अगले चार से पांच दिनों में देश की आर्थिक राजधानी में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है. बीएमसी ने कहा, 'सभी संबंधित अधिकारियों को यह निर्देशित किया जाता है कि अपने अधिकार क्षेत्र में पड़ने वाले सभी निचले इलाकों का दौरा करें जहां जलजमाव की संभावना है और तुरंत आवश्यक कार्रवाई करें.'

भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने मुंबई में भारी बारिश होने का पूवार्नुमान जताया है और कहा है कि अलग-अलग स्थानों पर मध्यम से तेज वर्षा हो सकती है. उधर रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, मध्य रेलवे और पश्चिमी रेलवे मार्गों पर उपनगरीय ट्रेन का सामान्य रूप से परिचालन हो रहा है, हालांकि परिचालन में कुछ मिनट की देरी हुई है.

## मुंबई में एक जुलाई से जलापूर्ति में 10 प्रतिशत की कटौती होगी



**मुंबई :** मुंबई को पानी की आपूर्ति करने वाली झीलों में जलस्तर के कम होने के कारण नगर निकाय ने शनिवार से जलापूर्ति में 10 फीसदी कटौती करने का फैसला किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के आयुक्त इकबाल सिंह चहल ने लोगों से अपील की है कि वे पानी को बचाएं और इसका इस्तेमाल उचित तरीके से करें। दक्षिण-पश्चिम मानसून रविवार को मुंबई पहुंच गया। चहल ने बुधवार को कहा कि बीएमसी ने एक जुलाई से मुंबई में पानी की आपूर्ति में 10 प्रतिशत की कटौती करने का फैसला किया है, क्योंकि शहर को पानी की आपूर्ति करने वाली झीलों में जल का भंडार करीब सात फीसदी है।

# तुअर-अरहर को अलग बताकर ट्रोल हो गए राहुल

**नई दिल्लीः** कांगेस नेता राहुल गांधी मोदी सरकार पर महंगाई समेत तमाम मुद्दों को लेकर हमलावर रहते हैं। ट्वीट के माध्यम से वह सरकार से सवाल करते रोज दिखते हैं। इसी कड़ी में आज राहुल का एक ट्वीट उन्हीं पर उलटा पड़ गया। दरअसल राहुल ने आज अपने ट्विटर अकाउंट से महंगी हो रहीं तमाम चीजों पर लेकर सरकार से सवाल किया। लेकिन, इस बीच उन्होंने एक गलती कर दी। तुअर और अरहर दाल के दाम अलग-अलग बता दिए। फिर क्या था। उनकी इस पोस्ट पर कमेंट्स की बाढ़ आ गई। राहुल ने अपने ट्वीट में तुअर दाल -148/किलो और अरहर दालः -219/किलो बता दी। जबकि तुअर और अरहर एक ही दाल के नाम हैं। लोग अब उनके इस ट्वीट पर तरह-तरह के रिएक्शन दे रहे हैं।





राहुल गांधी ने मोदी सरकार से महंगाई पर सवाल पूछते हुए कहा कि टमाटर -140/किलो, फूल गोभी -80/किलो, तुअर दालः -148/किलो, अरहर दाल -219/किलो और पकाने का गैस सिलेंडर -1,100 के पार। पूंजीपतियों की संपत्ति बढ़ाने और जनता से टैक्स वसूल करने में व्यस्त भाजपा सरकार, गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को भूल ही गई। युवा बेरोजगार हैं, रोजगार है तो आय कम और महंगाई से बचत खत्म। गरीब खाने को तड़प रहे हैं, मध्यमवर्ग बचाने को तरस रहा है। कांग्रेस शासित राज्यों में हमने महंगाई से राहत के लिए गैस के दाम घटाए, आर्थिक सहायता के लिए गरीबों के खातों में पैसे डाले। नफरत मिटाने, महंगाई, बेरोजगारी हटाने और समानता लाने का प्रण है भारत जोड़ो यात्रा - भाजपा को जनता के मुद्दों से ध्यान भटकाने नहीं देंगे। 9 साल का एक ही सवाल है! आखिर किसका है ये अमृतकाल? राहुल ने इस ट्वीट में एक चूक कर दी। अरहर और तुअर दाल को अलग-अलग बता दिया। दोनों के दाम अलग-अलग लिख दिए।

# बॉम्बे हाई कोर्ट की बीएमसी को फटकार

**मुंबईः**बॉम्बे हाई कोर्ट ने खुले मैनहोल के ढक्कन चोरी के मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए राज्य सरकार से ऐसे मामलों में दर्ज की गई शिकायतों व पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई का ब्योरा मंगाया है। कोर्ट ने कहा कि मैनहोल के खुले होने के पीछे उसके ढक्कनों का चोरी होना भी एक बड़ी वजह है। इसीलिए यदि मैनहोल के ढक्कन चोरी को लेकर कोई शिकायत मिलती है, तो पुलिस इलाके के भंगार वालों के यहां जाकर जांच जरूर करें। मैनहोल का ढक्कन सार्वजनिक संपत्ति के दायरे में आता है, इसकी चोरी एक गंभीर अपराध है। इसके बावजूद बीएमसी की ओर इस मामले में पुलिस से शिकायत न करना हैरानी भरी बात है। बीएमसी के अधिवक्ता अनिल साखरे ने कोर्ट को बताया कि पिछले दिनों मुंबई के कई इलाकों का सर्वे किया गया। इस दौरान 60 मैनहोल में ढक्कन लगाए गए। साखरे ने आगे जानकारी दी कि बीएमसी ढक्कन खुले होने की स्थिति में बैरिकेटिंग करेगी। ढक्कन चोरी न हो, इसके लिए चेन लगाई जाएंगी। मैनहोल के खुले होने की शिकायत मिलने पर 24 घंटे में उसे बंद किया जाएगा। कोर्ट ने अब तीन हफ्ते बाद अब इस याचिका पर सुनवाई रखी है।



कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नितीन जामदार व न्यायमूर्ति आरिफ डॉक्टर की खंडपीठ ने कहा कि बीएमसी को मैनहोल की शिकायत के लिए बनाई गई व्यवस्था का अखबारों व सोशल मीडिया में व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा है। खंडपीठ ने कहा कि कोई भी नागरिक मैनहोल के ढक्कन के गायब होने की शिकायत पुलिस को दे सकता है। खंडपीठ के सामने इस मुद्दे को लेकर अधिवक्ता रुजू ठक्कर की ओर से दायर न्यायालय की अवमानना याचिका पर सुनवाई चल रही है।

सुनवाई के दौरान बीएमसी का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल साखरे ने कहा कि बीएमसी के अधिकारी जब पुलिस के पास शिकायत लेकर जाते है, तो पुलिस शिकायत दर्ज करने में हिचकिचाहट दिखाती है। पिछले साल 836 ढक्कन के चोरी होने के केस सामने आए थे। इस पर सरकारी वकील प्रियभूषण काकड़े ने कहा कि वे सभी पुलिस स्टेशनों को शिकायत दर्ज करने के लिए निर्देश जारी करेंगे। ट्रैफिक पुलिस को भी इस संबंध में सहयोग के लिए कहेंगे।

## संपादकीय / लेख



## वीजा धोखाधड़ी

फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

आज इंसान की धन पाने की लिप्सा कितनी विकराल हो चली है कि वह चंद रुपयों के लिये मासूम जिंदगियों से खिलवाड़ करने से भी गुरेज नहीं करता। कैसे-कैसे मां-बाप व रिश्तेदार कर्ज लेकर, सुनहरे सपनों को पूरा करने के लिये बच्चों को विदेश में पढ़ाई के लिए भेजने का इंतजाम करते हैं। ऐसे बच्चों का पैसा लेकर भी उनके साथ धोखाधड़ी हो जाए तो इसे दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जायेगा। भ्रष्ट एजेंट नहीं सोचते कि ये लड़के-लड़कियां प्रवासन कागजात फर्जी पाये जाने पर कहां जाएंगे, देश कैसे लौटेंगे? उनके सपनों का क्या होगा? हाल में ही जालंधर के एक ट्रैवल एजेंट की कनाडा में गिरफ्तारी कई राज खोलती है। एजेंट पर सैकड़ों छात्र-छात्राओं को फर्जी कॉलेज प्रवेश पत्र के आधार पर अध्ययन वीजा दिलाने में धोखाधड़ी का आरोप है। यह बात चौंकाती है कि उक्त एजेंट भी फर्जी कागजात के आधार पर कनाडा में घुसने की जुगत में था और उसके कर्मों का फल सामने आ गया। एजेंट की गिरफ्तारी के बाद उसे भारत वापस लाने व मुकदमा चलाने की कार्यवाही शुरू हो चुकी है। यह घटना उन तमाम भ्रष्ट एजेंटों के लिये भी एक सबक है जो फर्जी तरीके से लोगों को विदेश भेजने के कुत्सित प्रयासों में लगे हैं। उक्त एजेंट के खिलाफ गत 17 मार्च को जालंधर में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद उसे लुकआउट सर्कुलर का भी सामना करना पड़ा। दरअसल, कनाडा सरकार पंजाब व कुछ अन्य राज्यों से अध्ययन वीजा के जरिये पढ़ने गये छात्र-छात्राओं के सर्टीफिकेट फर्जी पाये जाने के बाद उन्हें देश छोड़ने के लिये कह रही थी। जिसके खिलाफ भारतीय छात्रों ने आंदोलन किया। राजनीतिक दबाव के बाद कनाडा सरकार ने महसूस किया कि ये छात्र धोखाधड़ी के शिकार हुए हैं। साथ ही सारे मामले की जांच के आदेश दिये गये हैं। विश्वास है कि मामले की वास्तविकता सामने आने के बाद संभवत: अध्ययन के लिये गये और नौकरी कर रहे युवाओं को देर-सवेर न्याय मिल सकेगा।

दरअसल, पंजाब में कबूतरबाजी का लंबा इतिहास रहा है। बड़े नाम व कलाकार भी लोगों को फर्जी तरीके से विदेश भेजने की कोशिशों में लिप्त पाये गये। इस मामले में कई चर्चित लोगों की गिरफ्तारियां भी हुई हैं। लेकिन यह संभव नहीं कि सत्ता व तंत्र की काली भेड़ों की मिलीभगत के बिना अवैध प्रवासन का गोरखधंधा यूं ही बदस्तूर जारी रहे। कह सकते हैं कि नियामक संस्थाएं व निगरानी करने वाला तंत्र या तो आपराधिक लापरवाही में लिप्त है या फिर अपराधियों से सांठगांठ किये हुए है। किसी व्यक्ति को विदेश भेजने की प्रक्रिया खासी लंबी है और कई जगहों पर जांच की प्रक्रियाओं से गुजरती है। बिना किसी मिलीभगत के कोई आव्रजन एजेंट किसी व्यक्ति को विदेश भेज सके, यह संभव नहीं है। जाहिर है ऐसे मामलों की तह तक जाने की जरूरत है और दोषियों को ऐसा दंड दिया जाना चाहिए, जो फर्जीवाड़ा करने वालों के लिये नजीर का काम करे। दरअसल, कनाडा में जिन युवाओं के कागजातों को लेकर सवाल उठाये जा रहे हैं उनमें से अधिकांश वर्ष 2017 से 2019 के बीच कनाडा पहुंचे थे।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# मुंबई की लोकल में हुए यौन उत्पीड़न के बाद एक्शन में पुलिस...

## उठाया ये बड़ा कदम, महिलाओं को होगा फायदा

**मुंबई:** चलती उपनगरीय ट्रेन में सवार 20 वर्षीय कॉलेज छात्रा पर यौन उत्पीड़न की हालिया घटना के जवाब में, सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने महिला डिब्बों में गश्त का समय तीन घंटे बढ़ा दिया है. पहले इसका समय रात 9 बजे से सुबह 6 बजे तक था, जिसे अब बढ़ाकर सुबह 9 बजे तक कर दिया गया है. जीआरपी ने यात्रियों को सुरक्षा



सावधानियों और आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों के बारे में शिक्षित करने के उद्देश्य से एक जागरूकता कार्यक्रम भी शुरू किया है.

**क्या बोले अधिकारी?**

जीआरपी पश्चिम रेलवे के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) संदीप भाजीभाकरे ने कहा, जागरूकता कार्यक्रम, जो पिछले सप्ताह शुरू हुआ, का उद्देश्य उपनगरीय ट्रेनों में यात्रा करते समय महिलाओं को खुद की सुरक्षा के ज्ञान के साथ सशक्त बनाना है.

**यौन उत्पीड़न का मामला**

ये उपाय 14 जून को हुई उस चिंताजनक घटना की प्रतिक्रिया के रूप में सामने आए हैं, जहां एक युवा कॉलेज छात्रा तड़के चलती उपनगरीय ट्रेन में यौन उत्पीड़न का शिकार हो गई थी. इस घटना ने अकेले यात्रा करने वाली महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता पैदा कर दी थी, जिससे जीआरपी को समस्या के समाधान के लिए तत्काल कार्रवाई करनी पड़ी. सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने मुंबई की उपनगरीय ट्रेनों के महिला डिब्बों में गश्त बढ़ा दी है और यात्रियों की सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिए एक पहल शुरू की है. अधिकारी ने बताया कि 14 जून को तड़के चलती उपनगरीय ट्रेन में 20 वर्षीय कॉलेज छात्रा के साथ यौन उत्पीड़न की घटना के आलोक में पिछले सप्ताह जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया गया था.

### महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम

हमने महिला यात्रियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया है. जीआरपी पश्चिम रेलवे के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) संदीप भाजीभाकरे ने कहा, हम उन्हें यात्रा के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों और आपात स्थिति में उन फोन नंबरों के बारे में बता रहे हैं जिन पर वे कॉल कर सकते हैं. उन्होंने कहा, जीआरपी ने महिला डिब्बों में पुलिस की मौजूदगी भी बढ़ा दी है और ट्रेनों में ड्यूटी का समय पहले से बढ़ा दिया गया है.

## बीएमसी के अभियंता पर हमला करने के मामले में शिवसेना (यूबीटी) के चार कार्यकर्ता गिरफ्तार



**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के एक अभियंता पर हमला करने के मामले में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के चार कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। वकोला थाने के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी संतोष कदम, सदा परब, उदय दलवी और हाजी अलीम खान को मंगलवार को एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

प्राथमिकी मंगलवार को दर्ज की गई जिसमें राज्य के पूर्व मंत्री अनिल परब को भी आरोपी के रूप में नामित किया गया था, लेकिन उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया। परब और अन्य शिवसेना (यूबीटी) कार्यकर्ताओं ने उपनगरीय बांद्रा में शिवसेना (यूबीटी) की एक शाखा को पिछले सप्ताह गिराए जाने के विरोध में सोमवार दोपहर बीएमसी के एच-ईस्ट वार्ड कार्यालय तक मार्च निकाला था।

प्राथमिकी के अनुसार, प्रदर्शन के दौरान आरोपियों ने कथित तौर पर बीएमसी इंजीनियर अजय पाटिल (42) के साथ मारपीट की और उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 353 (लोक सेवक को कर्तव्य के निर्वहन से रोकने के लिए हमला करना या आपराधिक बल का इस्तेमाल करना) और 506-2 (आपराधिक धमकी देना) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## आबादी साढ़े 3 लाख, फिर भी पुलिस स्टेशन नहीं...भाजपा कार्यकर्ता ने पुलिस आयुक्त को दिया पत्र

**ठाणे :** दिवा में मुंब्रा थाने अंतर्गत एक पुलिस चौकी बनाई गई है, जिसमें कुल 15 स्टाफ है। यहां की आबादी लगभग साढ़े 3 लाख से अधिक है, स्टाफ कम होने के कारण यहां के पुलिस कर्मियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कोई बड़ी घटना होने पर मुंब्रा से पुलिस बल को आना पड़ता है। स्टाफ बल कम होने के कारण रात में समुचित गश्त भी नहीं हो पाती है। आबादी के हिसाब से पुलिस स्टाफ की कमी से मुंब्रा और दिवा जूझ रहा है। इस समस्या को दूर करने के लिए भाजपा के कार्यकर्ता ने ठाणे के पुलिस आयुक्त को पत्र देकर दिवा में पुलिस स्टेशन बनाने की मांग की है।

**प्रिंट लेने के लिए जाना पड़ता है मुंब्रा पुलिस थाने**

गौरतलब है कि दिवा में यदि कोई भी मामला दर्ज होता है, तो उसका प्रिंट लेने के लिए मुंब्रा पुलिस थाने जाना पड़ता है।




दिवा से मुंब्रा पुलिस थाने की दूरी लगभग 5 किलोमीटर है। वहां पर जाने में पैसे और समय की बर्बादी होती है। यहां के जागरूक नागरिकों द्वारा समय-समय पर दिवा में पुलिस स्टेशन बनाने की मांग वर्षों की जा रही है।

**दिवा में एक स्वतंत्र पुलिस स्टेशन बनाने की मांग फिर से की**

जिसे ध्यान में रखते हुए ठाणे शहर भाजपा कार्यकर्ता पंकज सिंह ने दिवा में एक स्वतंत्र पुलिस स्टेशन बनाने की मांग फिर से की है। सिंह ने अगस्त 2022 में भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक निरंजन डावखरे व ठाणे पुलिस आयुक्त जयजीत सिंह से की थी। लेकिन इस संबंध में अब तक कोई निर्णय पुलिस आयुक्त ने नहीं लिया है।

# बकरीद पर कुबार्नी के लिए लाए बकरों पर मुंबई की सोसायटी में जमकर बवाल...!

## लाठीचार्ज के बाद भारी पुलिस फोर्स तैनात



**मुंबई:** बकरीद का दिन कुबार्नी का माना जाता है। मुसलमान समुदाय मंहगे से महंगे बकरे खरीदकर लाते हैं और कुबार्नी देते हैं। मुंबई के मीरा भायंदर की एक सोसायटी में भी एक मुस्लिम परिवार कुबार्नी के लिए बकरा खरीदकर लाया लेकिन इसे लेकर बवाल हो गया। सोसायटी में वह जैसे ही बकरा लेकर पहुंचे कुछ लोगों ने विरोध किया। सोसायटी में यह बहस बढ़ती गई और सोसायटी के और लोग आ गए। बवाल बढ़ा और बजरंग दल समेत हिंदू संगठन पहुंच गए। जमकर नारेबाजी होने लगी। मौके पर पुलिस बुलाई गई। हनुमान चालीसा का पाठ हुआ और मौके की संवेदनशीलता देखते हुए भारी पुलिस फोर्स पहुंची। पुलिस ने किसी तरह भीड़ को वहां से हटाया। बल प्रयोग किया गया और अभी भी इलाके में तनाव है। मामला मुंबई की जेपी नार्थ सोसायटी का है। सोसायटी में एक मुस्लिम परिवार बकरे को कुबार्नी के लिए लेकर आया था। सोसायटी के अन्य लोगों ने इसका विरोध किया। दोनों पक्षों में बहस होने लगी और मौके पर भीड़ जमा हो गई।

**धक्कामुक्की तक हुई**

सोसायटी में बकरे की कुबार्नी का विरोध होने लगा। कुछ लोगों ने हिंदू संगठनों को बुला लिया। दर्जनों हिंदू संगठन के लोग पहुंच गए। नारेबाजी होने लगी। वहीं दूसरे समुदाय के लोग भी जमा हो गए। बजरंग दल के सदस्य कई लोगों को लेकर पहुंच गए। दोनों समुदायों के बीच विवाद गरमाने लगी। मामला धक्कामुक्की तक पहुंच गया।

**सोसायटी में कुबार्नी न करने देने पर अड़े**

लोगों का कहना था कि सोसायटी में कुबार्नी की इजाजत नहीं है। नारेबाजी होने लगी। बजरंग दल धरने पर बैठ गया और हनुमान चालीसा का पाठ होने लगा। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को हटाने के लिए बल का प्रयोग किया। लाठीचार्ज करके लोगों को वहां से हटाया गया। उसके बाद मौके पर भारी पुलिस फोर्स तैनात की गई।

**इलाके में तनाव के बाद लगाई गई फोर्स**

पुलिस ने कहा कि सोसायटी और उसके आसपास फोर्स तैनात की गई है। किसी को भी भीड़ जुटाने की अनुमति नहीं है। वहीं दोनों पक्षों से बातचीत चल रही है।

# मुंबई के केईएम अस्पताल में असुविधाओं से मरीज परेशान...

## मनसे ने दी आंदोलन छेड़ने की चेतावनी, 3 जुलाई तक सुविधाएं व्यवस्थित नहीं हुई तो मोर्चा

**मुंबई :** मुंबई के नामचीन केईएम अस्पताल पर असुविधाओं का आरोप लगा है। यहां इलाज कराने आनेवाले मरीजों को नाहक परेशानी उठानी पड़ रही है। इस पर राज ठाकरे की अगुवाई वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने आंदोलन छेड़ने की चेतावनी दी है। मनसे नेता संदीप देशपांडे ने चेतावनी दी है कि यदि 3 जुलाई से पहले अस्पताल की सुविधाएं व्यवस्थित नहीं की गई तो बीएमसी और केईएम अस्पताल के खिलाफ तीव्र आंदोलन छेड़ा जाएगा। दरअसल सिंधुदुर्ग की रहनेवाली अंकिता प्रभु-वालावलवकर के सिर पर चोट लगी थी, वह इलाज कराने आई केईएम अस्पताल आई थी। डॉक्टरों पर काम के बोझ का तनाव, अपर्याप्त स्टाफ और अस्पताल की असुविधाओं का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर अपलोड किया था। अंकिता मस्तिष्क की



गंभीर चोट के कारण 14 जून को केईएम में भर्ती कराया गया था। अंकिता को सीटी स्कैन की जरूरत पड़ी तो अस्पताल की मशीन खराब होने की बात कहकर निजी सेंटर से सीटी स्कैन कराने कहा गया। इस मामले को लेकर मनसे ने अस्पताल को सेवाएं व्यस्थित करने का अल्टीमेटम दिया है।


**अन्य मरीजों के परिजनों ने भी आरोप लगाए**

बीएमसी के अधीन केईएम अस्पताल पर अन्य मरीजों के परिजनों ने भी आरोप लगाए हैं। केईएम अस्पताल में देशभर से मरीज इलाज कराने आते हैं। मरीजों की हमेशा भीड़ लगी रहती है। करीब 2250 बेड वाले इस अस्पताल में 390 प्रोफेसर और 550 रेजिडेंट डॉक्टर कार्यरत हैं। ओपीडी और आईपीडी में रोजाना करीब दो से ढाई हजार मरीज इलाज कराने आते हैं।

**सीटी स्कीन और ऑपरेशन की लंबी तारीख**

मरीजों को सीटी और एमआरआई स्कैन की लंबी तारीख मिल रही है, इसलिए मजबूरन वे बाहर से निजी सेंटरों सीटी और एमआरआई स्कैन करा रहे हैं। आपरेशन के लिए भी लंबा समय दिया जा रहा है। दवाइयां मुफ्त मिलनी चाहिए लेकिन डाक्टरों द्वारा लिखी गई कुछ दवाइयां अस्पताल में उपलब्ध ही नहीं हैं। वार्डों और शौचालयों साफ-सफाई का अभाव होने आरोप मरीजों के परिजनों ने लगाया है।

# ईडी का धनशोधन मामले में बड़ा एक्शन, IRS अधिकारी को किया गिरफ्तार



**मुंबई :** सीमाशुल्क और माल एवं सेवाकर (जीएसटी) के अतिरिक्त आयुक्त के तौर पर काम करने वाले भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के एक अधिकारी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के एक मामले में बुधवार को गिरफ्तार किया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सचिन सावंत पूर्व में मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय में उप निदेशक के तौर पर संघीय एजेंसी के साथ काम कर चुका था।

ईडी द्वारा मुंबई में उसके और कुछ अन्य लोगों के परिसरों पर मंगलवार को छापेमारी शुरू किए जाने के बाद धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत उसे हिरासत में लिया गया। सूत्रों के अनुसार, अधिकारी लखनऊ में तैनात है। आईआरएस अधिकारी के खिलाफ धन शोधन का मामला आय से अधिक संपत्ति के आरोप में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज प्राथमिकी से उपजा है।

# मुंबई में हिट एंड रन का मामला

## कार की टक्कर से बुजुर्ग की मौत, एक अन्य घायल, आरोपी ड्राइवर गिरफ्तार

**मुंबई:** मुंबई में हिट एंड रन का मामला सामने आया है। घटना में 75 साल के एक बुजुर्ग की मौत हो गई जबकि एक अन्य शख्स घायल हो गया। पुलिस ने घटना के बाद फरार कार के ड्राइवर को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से 75 वर्षीय तुकाराम सावंत की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना मुलुंड से दी गई। घटना के दौरान तुकाराम सावंत सड़क पर चल रहे थे। कार की टक्कर के बाद तुकाराम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि स्कूटर सवार एक अन्य व्यक्ति दुर्घटना



में घायल हो गया। घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

आरोपी कार चालक की पहचान 22 वर्षीय अमरेश महेंद्र यादव के रूप में हुई है। उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 279, 304 (ए), 337, 338 और मोटर वाहन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। कहा जा रहा है कि घटना के बाद आरोपी कार चालक फरार हो गया था। मुंबई पुलिस के आधिकारिक बयान में कहा गया है कि कल रात मुंबई के मुलुंड इलाके में एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से तुकाराम सावंत नाम के 75 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। घटना के बाद कार चालक मौके से भाग गया। अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भादंव की धारा 279,304(ए),337,338 और मोटर वाहन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांच जारी है।

## पूर्व डिप्टी डायरेक्टर के घर ईडी का छापा: गिरफ्तार कर मुंबई ले जाए गए, 500 करोड़ के हेरफेर में थे शामिल



**मुंबई:** प्रवर्तन निदेशालय के पूर्व डिप्टी डायरेक्टर सचिन सावंत के लखनऊ स्थित घर पर ईडी की टीम ने छापा मार दिया है। ईडी की टीम उन्हें गिरफ्तार कर मुंबई ले गई है। जहां उन्हें मुंबई हाईकोर्ट के सामने पेश किया जाएगा। सचिन सावंत जब मुंबई में ईडी में थे तब डायमंड कंपनी की 500 करोड़ रुपये की हेराफेरी में शामिल थे। इसे लेकर ईडी की टीम ने उनके लखनऊ और मुंबई स्थित आवास पर छापेमारी की है। सचिन सावंत मुंबई में ईडी के डिप्टी डायरेक्टर थे। इस समय एडिशनल कमिश्नर कस्टम लखनऊ हैं।




# वसोर्वा-बांद्रा सी लिंक हुआ वीर सावरकर सेतु

## मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक 'अटल सेतु', शिंदे कैबिनेट का फैसला



**मुंबई** : महाराष्ट्र की शिंदे सरकार ने बुधवार को हुई कैबिनेट मीटिंग में दो बड़े प्रस्ताव को को मंजूरी दे दी. वसोर्वा और बांद्रा के बीच बन रहे सी लिंक को वीर सावरकर सेतु के नाम से जाना जाएगा. इसके अलावा शिवड़ी नव्हा शेवा पुल (मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक) को अटल बिहारी वाजपेयी सेतु के नाम से जाना जाएगा. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पिछले महीने घोषणा की थी कि मुंबई में आगामी बांद्रा-वसोर्वा समुद्री लिंक का नाम हिंदुत्व विचारक दिवंगत वीडी सावरकर के नाम पर रखा जाएगा.

गत 28 मई को वीडी सावरकर की जयंती के अवसर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा था, 'आगामी बांद्रा-वसोर्वा सी लिंक का नाम स्वातंत्र्यवीर सावरकर के नाम पर रखा जाएगा. केंद्र सरकार के वीरता पुरस्कारों की तर्ज पर, महाराष्ट्र सरकार भी स्वातंत्र्यवीर सावरकर वीरता पुरस्कार स्थापित करेगी.' वसोर्वा-बांद्रा सी लिंक या वेसावे वांद्रे सागरी सेतु आधिकारिक तौर पर स्वातंत्र वीर सावरकर सी लिंक मुंबई में एक निर्माणाधीन पुल है. इसकी लंबाई 17.17 किलोमीटर (10.67 मील) है. यह पुल कोस्टल रोड के हिस्से के रूप में अंधेरी के उपनगर वसोर्वा को बांद्रा में बांद्रा-वर्ली सी लिंक से जोड़ेगा. इस 8 लेन के सी-लिंक से वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे और मुंबई उपनगरीय रेलवे की पश्चिमी लाइन पर ट्रैफिक कम होने की उम्मीद है. अभी वसोर्वा से बांद्रा की दूरी तय करने में डेढ़ घंटे से अधिक समय लगता है. इस सी लिंक के बन जाने के बाद वसोर्वा से सिर्फ 30 मिनट में बांद्रा पहुंचा जा सकेगा. बांद्रा-वसोर्वा सी लिंक प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत 11 हजार 332 करोड़ है. इसका काम 2018 में शुरू हुआ था और 2026 में यह सी-लिंक बनकर तैयार होगा. बांद्रा वसोर्वा सी लिंक पर ऑफ्टर्स क्लब, जुहू लिंक रोड और नाना-नानी पार्क से चढ़ना-उतरना हो सकेगा. बांद्रा, कार्टर रोड, जुहू-कोलीवाड़ा और नाना-नानी पार्क में टोल प्लाजा होगा.

# 2023 और 2024 में अल नीनो का असर...

**मुंबई** : विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा कि २०२३ और २०२४ में अल नीनो की वजह से डेंगू, चिकनगुनिया और जीका के मामले बढ़ सकते हैं। इसे लेकर तैयारी करने की जरूरत है।




विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम ने कहा कि मौसमी घटनाओं की वजह से डेंगू, चिकनगुनिया और जीका जैसे वायरल बीमारियों के प्रसार में वृद्धि होने की संभावना है। फिलहाल डब्ल्यूएचओ जीका, चिकनगुनिया और डेंगू जैसी वायरल बीमारियों के प्रसार में वृद्धि से निपटने के लिए तैयारी कर रहा है। इस साल और अगले अल नीनो का सबसे ज्यादा असर दिखाई देने की संभावना है। इस वजह से डेंगू, जीका और चिकनगुनिया जैसी बीमारियां तेजी से पांव पसार सकती हैं। जलवायु परिवर्तन भी मच्छरों के प्रजनन और इन बीमारियों के प्रसार को बढ़ावा दे रहे हैं। बता दें कि अल नीनो की वजह से मध्य और पूर्वी प्रशांत महासागर में भूमध्य रेखा के आसपास समुद्र की सतह औसत से ज्यादा गर्म हो जाती है।

इस खतरे से निपटने के बारे में डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक ने बताया कि छह बीमारियां महामारी का रूप लेंगी। उन्होंने कहा कि हमने पिछले साल एक ग्लोबल पहल की थी, जिसका उद्देश्य वायरस से होने वाली इन बीमारियों का पता लगाना और दुनिया भर में इसे फैलने से रोकने की क्षमता को मजबूत करना है। देशों ने जो क्षमताएं कोविड-१९ के लिए स्थापित की हैं, उनमें से कई का उपयोग डेंगू और अन्य बीमारियों के लिए भी किया जा सकता है।

यूएस नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन (एनओएए) के अनुसार, अल नीनो तापमान के नए रिकॉर्ड बना सकता है, खासकर उन क्षेत्रों में जो पहले से ही अल नीनो के दौरान औसत से ऊपर तापमान महसूस कर रहे हैं। अल नीनो घटनाएं आमतौर पर हर २ से ७ साल में होती हैं। प्रशांत महासागर में पेरू के निकट समुद्री तट के गर्म होने की घटना को अल नीनो कहा जाता है। आखिरी अल नीनो घटना फरवरी और अगस्त २०१९ के बीच हुई थी, लेकिन इसका प्रभाव अपेक्षाकृत कमजोर था। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत में अल नीनो दक्षिणी दोलन के कारण मानसून में देरी हुई।

# विद्यार्थियों के लिए पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध नहीं



**पालघर** : जिले में स्कूल खुले तीन सप्ताह शुरू हो गए हैं, लेकिन स्कूलों में आज भी एक लाख २४ हजार से ज्यादा पाठ्य पुस्तकों की कमी है, जिससे आदिवासियों के बच्चों का भविष्य अधर में पड़ता दिख रहा है। शासन के माध्यम से एकीकृत प्राथमिक बालभारती विभाग से २०२२ / २०२३ की संख्या के आधार पर पाठ्य पुस्तकों की मांग की गई थी। लेकिन शैक्षणिक वर्ष २०२३-२४ में छात्रों की संख्या में वृद्धि के कारण करीब १ लाख २४ हजार से अधिक पुस्तकों की और मांग की गई, जो उपलब्ध नहीं हो सकी है। इससे किताबों के अभाव में बच्चों को स्कूलों में आकर खाली बैठना पड़ रहा है।

जिले में विद्यार्थियों की कुल संख्या, उनके लिए आवश्यक पुस्तकें और अन्य संसाधनों की २०२१-२२ की संख्या के आधार पर मांग की गई। गौरतलब है कि शिक्षा विभाग अगर बच्चों की संख्या को ध्यान में रखकर अगर पहले ही किताबों की मांग कर लेता तो शायद लाखों बच्चों को स्कूलों में खाली नहीं बैठना पड़ता। मामला गरमाने के बाद बच्चों का विवरण इकट्ठा कर उन्हें तत्काल किताबें उपलब्ध करवाने की बात कही जा रही है। पालघर जिले के आठ तालुकों में पहली से आठवीं कक्षा तक दो लाख ८० हजार ५१४ छात्र हैं। उनके लिए बालभारती से ११ लाख ७० हजार ४२९ पाठ्य पुस्तकों की मांग की गई थी। लेकिन पुस्तकें पूरी उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण छात्र स्कूल में आकर बैठ रहे हैं और स्कूल से घर लौट जा रहे हैं। कक्षा १ से ८वीं तक के विद्यार्थियों को सरकार के माध्यम से निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराने के लिए करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इन विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम के लिए एक विद्यार्थी को पुस्तकों के चार सेट उपलब्ध कराए जाते हैं।

# 70 मीटर गहरा गड्ढा, मेट्रो स्टेशन को क्षति पहुंचा सकता है



**मुंबई** : मुंबई में बन रही मेट्रो को लेकर सरकार अपनी पीठ थपथपाने में जुटी है, पर उसे यह पता नहीं है कि उसकी नाक के नीचे बिल्डर मेट्रो परियोजनाओं को वैछसे नुकसान पहुंचा रहे हैं। ताजा मामला दहिसर के पास स्थित मागाठाणे मेट्रो स्टेशन का है। कल को यदि यह मेट्रो स्टेशन ढह जाए तो कोई हैरानी नहीं होनी चाहिए। एमएमआरडीए के अधिकारियों की लापरवाही से काम ही कुछ ऐसा किया गया है। इस मेट्रो स्टेशन से सटाकर ७० मीटर से अधिक गहरी खाई खोद दी गई है। यहां एक बिल्डर की तरफ से इमारत के निर्माण का कार्य शुरू है। उस इमारत की नींव के लिए मेट्रो स्टेशन के नींव से सटाकर विशाल गड्ढा खोदा गया है। ऐसे में मेट्रो स्टेशन का हिस्सा और उसका एस्केलेटर कब ढह जाए, यह कहा नहीं जा सकता। ऐसे मामलों में गंभीर होने की बजाय एमएमआरडीए के अधिकारी ट्वीट कर अपनी जिम्मेदारी से बच रहे हैं।

एमएमआरडीए के अधिकारियों की लापरवाही की पराकाष्ठा तो तब हो गई जब उनसे पूछा गया कि इस मामले में एमएमआरडीए ने क्या कदम उठाया तो उनके पास कोई जवाब नहीं था, जबकि वास्तव में स्टेशन के आसपास की सड़कें धंस गई हैं। लेकर फिर भी यहां खुदाई का काम बंद नहीं हुआ है।

बता दें कि बारिश शुरू होते ही एमएमआरडीए और प्रशासन की लापरवाही दिखनी शुरू हो गई है। मानसून के आते ही विभिन्न क्षेत्रों में कई दुर्घटनाएं हो रही हैं। भूस्खलन के चलते इमारतें गिरने की घटनाएं सामने आ रही हैं। ऐसे में एमएमआरडीए द्वारा निर्मित मागाठाणे मेट्रो स्टेशन को एक निजी बिल्डर के प्रोजेक्ट से ढहने का खतरा है। मागाठाणे मेट्रो स्टेशन का एक एस्केलेटर का कुछ हिस्सा स्टेशन के बगल में मौजूद निर्माण क्षेत्र से सटा हुआ है। वहां खोदा गया ७० मीटर गहरा गड्ढा कभी भी मेट्रो स्टेशन को क्षति पहुंचा सकता है।

ऐसा अनुमान निर्माण क्षेत्र के विशेषज्ञों ने जताया है। बारिश के समय में इस खुदाई के चलते मेट्रो स्टेशन के बेस के साथ-साथ मेट्रो ट्रैक, पिलर भी इसकी चपेट में आ सकता है। जानकारों की मानें तो इससे बहुत बड़ा नुकसान होगा।

शहर में हुई पहली बारिश में ही खुदाई स्थल से सटी दोनों सड़कें धंस गईं हैं। धंसी हुई सर्विस रोड मुश्किल से मेट्रो पिलर से २० फीट की दूरी पर है। खुदाई स्थल पर डंपर द्वारा मिट्टी उठाने का काम किया जा रहा है, जिसकी वजह से मेट्रो के एक तरफ का निकास गेट भी बंद कर दिया गया है।

# एक जुलाई को मनपा मुख्यालय तक मोर्चा, मोर्चा का टीजर भी लॉन्च



**मुंबई** : शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) आगामी १ जुलाई को विराट मोर्चा निकालने वाली है। इस मोर्चे को लेकर जोरदार तैयारी शुरू है। शिवसेना और इससे जुड़े संगठन के पदाधिकारी और कार्यकताओं की बैठक शिवसेना भवन में आए दिन हो रही है। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पक्षप्रमुख उद्धव ठाकरे और विधायक आदित्य ठाकरे लगातार शिवसैनिकों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। मोर्चा का टीजर भी लॉन्च कर दिया गया है।




# शक्ति प्रदर्शन है चिंताजनक

# महाराष्ट्र में KCR की 600 कारों के काफिले पर बोले शरद पवार

**पुणे (महाराष्ट्र)।** एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने मंगलवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के विशाल काफिले के साथ महाराष्ट्र के पंढरपुर शहर पहुंचने पर आपत्ति जताते हुए कहा कि ह्यह्लशक्ति दिखानेह्लह्ल का यह प्रयास चिंताजनक है।



### KCR ने सोलापुर में की विशाल रैली

अपनी भारत राष्ट्र समिति (BRS) के आधार का विस्तार करने के लिए चंद्रशेखर राव ने सोमवार को दक्षिणी महाराष्ट्र के सोलापुर जिले के पंढरपुर में प्रसिद्ध विठ्ठल-रुक्मिणी मंदिर का दौरा किया। इसके साथ ही उन्होंने दक्षिणी महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में पंढरपुर से लगभग 20 किलोमीटर दूर सरकोली गांव में एक रैली की। वह सोमवार को 600 कारों के काफिले के साथ राज्य में पहुंचे थे। यहां पत्रकारों से बात करते हुए शरद पवार ने कहा कि अगर किसी पड़ोसी राज्य का मुख्यमंत्री पूजा करने आता है, तो आपत्ति करने का कोई कारण नहीं है।

### वाहनों की बड़ी संख्या दिखाना चिंताजनक- पवार

उन्होंने कहा कि लेकिन वाहनों की संख्या के मामले में बड़ी ताकत दिखाने की कोशिश चिंताजनक है। पवार ने कहा कि बेहतर होता कि के.चंद्रशेखर राव की यात्रा दोनों राज्यों के बीच सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित होती।

राकांपा के टिकट पर 2021 में पंढरपुर विधानसभा उपचुनाव लड़ने वाले भागीरथ भालके के मंगलवार की रैली में इफ्र में शामिल होने के बारे में पूछे जाने पर, पवार ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति पार्टी छोड़ता है तो चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि भागीरथ भालके को टिकट देने के बाद हमें एहसास हुआ कि हमारी पसंद गलत थी, लेकिन मैं इस बारे में बात नहीं करना चाहता।

# दो हैदराबादी नेताओं ने महाराष्ट्र में मचायी सियासी हलचल





**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में पड़ोसी राज्य तेलंगाना के दो नेताओं की बढ़ती हलचल यहां की महाविकास आघाड़ी के नेताओं को बिल्कुल रास नहीं आ रही है। इनमें एक हैं आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआइएमआइएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी, और दूसरे हैं भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के अध्यक्ष के.चंद्रशेखर राव।

केसीआर के नाम से जाने जाने वाले के.चंद्रशेखर राव की गतिविधियां तो महाराष्ट्र में इसी वर्ष फरवरी से बढ़ी हैं। लेकिन ओवैसी का महाराष्ट्र में आना-जाना करीब पांच वर्ष पहले ही शुरू हो गया था। उन्होंने 2019 का लोकसभा चुनाव प्रकाश आंबेडकर की पार्टी वंचित बहुजन आघाड़ी के साथ मिलकर लड़ा था और औरंगाबाद की सीट जीतने में भी सफल रहे थे।

इस चुनाव में बाबासाहब भीम राव आंबेडकर के पौत्र प्रकाश आंबेडकर एवं ओवैसी ने मिलकर कांग्रेस और राकांपा को 14 सीटों पर नुकसान पहुंचाया था। राज्य की 48 में से 39 सीटों पर ये गठबंधन तीसरे स्थान पर रहा था। ये और बात है कि आंबेडकर की वंचित बहुजन आघाड़ी खुद एक भी सीट नहीं जीत सकी।

अभी से ही मेहनत कर रहे ओवैसी

खुद प्रकाश आंबेडकर अकोला और सोलापुर से चुनाव लड़कर भी ये दोनों सीटें हार गए थे। इसी खीझ में उन्होंने छह माह बाद हुए विधानसभा चुनाव में एआइएमआइएम से नाता तोड़ लिया था।

# नोट बदली करने की आड़ में एक करोड़ की ठगी

## चार आरोपी हुए गिरफ्तार

**मुंबई।** गोवंडी पुलिस ने नोट बदली की आड़ में करोडो रुपए लेकर फरार हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपी एक युवक से एक करोड़ रुपए फरियादी के लेकर 15 जून से फरार थे।

गोवंडी के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सुदर्शन होनवडजकर ने बताया की 15 जून को शाम 7 बजे के करीब फरियादी को झांसे में लेकर कुछ लोग एक करोड़ रुपए




लिए।शिकायत के अनुसार आरोपियों ने 10 प्रतिशत कमीशन लेकर उक्त नोट बदली करने का आश्वासन दिया था।लेकिन आरोपी फरियादी से पैसे लेकर बिना कोई पैसा दिए एर्टिगा कार से फरार हो गए थे।इस मामले की शिकायत पुलिस ने अपराध क्रमांक 222/2023 भादवी 420 व 34 के तहत दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू की तो आरोपियों का कोई सुराग हाथ नहीं लग रहा था।

पुलिस सूत्र बताते हैं की पुलिस की जांच टीम ने घटना स्थल के आस पास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला तो पुलिस को उक्त गाडी का नंबर हाथ लग गया।जिसके बाद पुलिस ने खबरियो के माध्यम से आरोपियों को ट्रेस कर उन्हें धर दबोचा।पुलिस निरीक्षक तुकाराम कोयन्डे व अनिल हिरे की देखरेख में गोवंडी पुलिस की विशेष टीम के जवानो ने पकड़े गए आरोपियों के पास से 500 वाले 2900 नोट मतलब 14 लाख 50 हजार और 2 लाख 50 हजार की एक कार हस्तगत किया है।

पुलिस की पूछतांछ में मालुम पड़ा है की आरोपियों ने इसके पहले देवनार व सानपाडा पुलिस की हद में इसी तरह के कांड कर चुके हैं।गिरफ्तार आरोपियों के नाम हसन अली जैद अली कुरैशी (31),उबेद रहमान कुरैशी (33),किरण जगन्नाथ फनसे (31) व गुरुनाथ कालूराम गायकार (33) बताया जाता है।पुलिस पकड़े गए आरोपियों से यह जानकारी जुटा रही है की इन आरोपियों ने अब तक कितनी घटनाओ को अंजाम दिया है।

## डार्क वेब के जरिये चल रहा नशे का सिंडिकेट पकड़ा गया, एक नाइजीरियाई नागरिक हुआ गिरफ्तार



**मुंबई।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने मुंबई में 996 ग्राम प्रतिबंधित एमडीएमए की गोलियां जब्त की है। एनसीबी ने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट डार्क वेब पर संचालित हो रहा था। इस मामले में एनसीबी ने सोमवार को एक नाइजीरियाई नागरिक को गिरफ्तार किया है। जब्त की गई नशीली गोलियों की कीमत एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। एनसीबी अधिकारी ने कहा कि जांच के दौरान नाइजीरियाई नागरिक जान ने स्वीकार किया है कि वह ड्रग की इस खेप को दिल्ली, मुंबई, गोवा और अन्य शहरों में खपाने के लिए खरीदा था।

एमडीएमए के पार्सल को बुक करने के लिए उसने फर्जी पासपोर्ट का इस्तेमाल किया और प्रतिबंधित एमडीएमए के लिए क्रिप्टोकरेंसी में भुगतान किया। आरोपित जान इससे पूर्व वर्ष 2021 में भी ड्रग तस्करी के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था और जमानत मिलने के बाद खुला घूम रहा था।

## शिवसेना विधायक ने दल बल के साथ किया देवनार का दौरा



**मुंबई।** कालिना विधानसभा के शिवसेना (यूबीटी) विभाग प्रमुख विधायक संजय पोतनीस ने मंगलवार को अपने साथी शिवसैनिकों के साथ देवनार पशवधगृह का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। उनके साथ महाराष्ट्र वाहतूक सेना सचिव व ऑल महाराष्ट्र खटीक एशोसीयसन के अध्यक्ष हाजी अखिल ताडे भी सैकड़ो वाहतुकदारो व खटीक समाज के लोग के साथ उपस्थित थे।

# बाइक के पार्ट्स चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** आरसीएफ पुलिस ने बाइक के पार्ट्स चोरो कर बेचने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपियों का नाम कृष्णा हरिराज राजभर (22) व अकबर असलम सैय्यद (19) बताया जाता है।

गौरतलब है की आरसीएफ पुलिस को सुचना मिली थी की कुछ लोग महंगी बाइक का पार्ट्स चोरी कर उसे बेचने का काम करते हैं।अतिरिक्त पुलिस आयुक्त व पुलिस उपायुक्त हेमराजसिंह राजपूत के निर्देश पर वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक मुरलीधर करपे की देखरेख में इस मामले की जांच पड़ताल यहां के एपीआई किरण मांढरे व उनकी टीम को सौंपी गई।श्री मांढरे ने



मामले की जांच करते हुए सबसे पहले कृष्णा हरिराज राजभर (22) को गिरफ्तार किया।उसकी निशानदेही पर पुलिस की इस टीम ने अकबर असलम सैय्यद (19) को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए दोनों आरोपियों के पास से पुलिस ने 6 लाख 81 हजार 500 रुपए के अलग अलग बाइक के पार्ट्स व 20 हजार रुपए के लिफ्ट के मोटर बरामद किए है। पुलिस की यह टीम अब आरोपियों से यह जानकारी जुटा रही है की आरोपियों ने उक्त पार्ट्स व मोटर चोरी कहा से किए है।




## मुंगहरी में मामूली बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**घोरावल (सोनभद्र) (जनवार्ता)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के मुंगहरी में मामूली बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। एक पक्ष के काशी पुत्र कमला निवासी मुंगहरी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि केवली गांव निवासीगण रामजस, अमरश, सुभाष तथा नीलू ने अनायास अपशब्दों का प्रयोग करते हुए लात घूसे लाठी-डंडों से मारपीट की। पुलिस ने घायल का उपचार तथा चिकित्सकीय परीक्षण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में करवाया। मामले से जुड़े आरोपित रामजस, अमरश, सुभाष तथा नीलू के विरुद्ध पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है।

## राज्यमंत्री ने किया जनजागरूकता वैन को रवाना



**सलेमपुर (देवरिया) (जनवार्ता)।** जल जीवन मिशन हर घर जल योजनांतर्गत विकासखण्ड सलेमपुर से जनजागरूकता हेतु प्रत्येक गांवों में गाडियो को राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने हरी झण्डी दिखाकर जागरूकता वैन को रवाना किया। उन्होंने कहा कि हर घर नल का जल योजना के तहत सरकार का लक्ष्य सभी घरों में पाइप जलापूर्ति सुनिश्चित करना है। उक्त अवसर पर अनिरुद्ध मिश्र, अमरेश सिंह बबलू, खण्ड विकास अधिकारी आनंदप्रकाश, सहायक विकास अधिकारी अनिल कुमार चौबे, रविशंकर मिश्र, अजय दूबे वत्स, अशोक सिंह, शाहिद अहमद, रूपश्री सैनी, अनिल कुमार राय, रफीक, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

## छापेमारीः चोरी की बिजली से चलाया जा रहा था एसी

### 36 लोगों के खिलाफ दर्ज कराया गया केस

**सोनभद्र (जनवार्ता)।** एक तरफ जहां लाइन लास को कम से कम करने पर जोर दिया जा रहा है। वहीं एक्सईएन विद्युत वितरण खंड राबटर्सगंज एके चौधरी की अगुवाई में चलाए जा रहे छापेमारी अभियान में बिजली चोरी के ऐसे मामले सामने आए हैं, जिसने एकबारगी विभागीय अधिकारियों को भी भौंचक करके रख दिया है। घोरावल क्षेत्र में जहां एक-दो घर नहीं बल्कि चार गांवों में चोरी की बिजली से घरों में रोशनी और एसी का संचालन होता पाया गया है। वहीं वाराणसी-शक्तिनगर हाइवे से चुर्क के लिए गई सड़क के किनारे भी की गई औचक चेकिंग में कई लोग चोरी की बिजली से एसी का संचालन करते पकड़े गए। फिलहाल मामले में 36 लोगों के खिलाफ बिजली थाने में एफआईआर दर्ज कराते हुए, बिजली नुकसानी के बाबत रिपोर्ट तलब कर ली गई है। साथ ही, संबंधितों के खिलाफ पेनाल्टी की भी प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

बताते हैं कि एक्सईएन एके चौधरी की अगुवाई में तीन-चार दिन पूर्व घोरावल क्षेत्र में छापेमारी की गई। चलाए जा रहे अभियान के दौरान देवगढ़, लोहांडी, महांव और धौराकुड में 34 ऐसे घर पाए गए, जहां बिजली चोरी का सीधा उपभोग होता पाया गया। बात यहीं तक होती तो गनीमत थी, इनमें से अधिकांश घरों में एसी का उपयोग होता मिला। साधन संपन्न परिवारों में चोरी की बिजली का इस तरह से उपयोग होता देख बिजली विभाग के अधिकारी भी एकबारगी भौंचक रह गए। बताते हैं कि कार्रवाई करते वक्त टीम को खासा दबाव भी झेलना पड़ा लेकिन अभियान जारी रहा।

एक्सईएन एके चौधरी ने बताया कि मामले में बिजली केबल जब्त करने के साथ ही, 36 के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा दी गई है। साथ ही बिजली नुकसानी के बाबत रिपोर्ट तलब कर, पेनाल्टी एवं राजस्व वसूली के संबंध में भी प्रक्रिया अपनाई जा रही है। बताया कि छापेमारी के बाद, उक्त गांवों से नए कनेक्सन के लिए 74 आवेदन भी आए हैं, जिनकी जांच कराई जा रही है। जिन लोगों के यहां बिजली चोरी पकड़ी गई है, उनसे पेनाल्टी जमा कराने के बाद ही नए कनेक्सन के आवेदन की स्वीकृति प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

मुख्य मार्ग किनारे छत से गुजरे केबिल में तार जोड़कर चलाई जा रही थी एसीः वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग से चुर्क कस्बे के लिए गई मुख्य सड़क किनारे भी चलाए गए चेकिंग अभियान में चार घर ऐसे मिले, जहां छत पर कई केबिल में कटिंग कर और उसमें तार जोड़कर, एसपी चलाई जा रही थी। उक्त चारों मामलों को लेकर भी पेनाल्टी आदि की कार्रवाई जारी है। एक्सईएन एके चौधरी ने बताया कि सोमवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान इसे पकड़ा गया। कहा कि आगे भी इसी तरह से अभियान जारी रहेगा।

## जिला जज, डीएम व एसपी ने किया कारागार का निरीक्षण

### कैदियों को मिलने वाली सुविधाओं की ली जानकारी, जानी समस्याएं




**सोनभद्र (जनवार्ता)।** जनपद न्यायाधीश अशोक कुमार यादव, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह व पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने जिला कारागार का मंगलवार को निरीक्षण किया। इस दौरान जिला जज ने जिला कारागार के कैदियों से मिलकर उनसे वार्ता किया और उनको उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं के बारे में बारी-बारी से जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने कैदियों से वार्ता कर कारागार द्वारा उपलब्ध करायी जा रही भोजन, नास्ता, स्वास्थ्य चिकित्सा,पीने के पानी आदि की जानकारी ली। जिला जज और जिलाधिकारी ने महिला कैदियों को मिल रही सुविधाओं की भी जानकारी ली। बैरकों में जकर कैदियों की स्थिति देखी। उनके परिवारों को मिलने-जुलने में हो रही दिक्कतों के बारे में पूछा तो कैदियों द्वारा बताया गया कि यहां इस प्रकार की कोई समस्या नहीं होती। जिलाधिकारी ने चिकित्सकों से कैदियों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधा के बारे में जानकारी प्राप्त की और रोजाना बैरक अस्पताल में चिकित्सकों के आने-जाने की स्थिति का जायजा लिया। इसी प्रकार से कैदियों को दिये जाने वाले भोजन के किचन का निरीक्षण किया गया जहां कैदियों हेतु बनाये जा रहे भोजन के गुणवत्ता को देखा गया। निर्धारित रोस्टर की जानकारी प्राप्त की गयी। जेल अधीक्षक सौरभ श्रीवास्तव,जेलर जेपी दूबे सहित अन्य उपस्थित रहें।

## धारदार हथियार से पति ने पत्नी को किया लहूलुहान

**रसड़ा (बलिया) (जनवार्ता)।** कोतवाली क्षेत्र के नागपुर गांव में मंगलवार की सुबह 9 बजे पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद के बीच पति ने पत्नी भागमानी देवी को धारदार हथियार से गर्दन पर वार कर लहूलुहान कर दिया। गंभीर रूप से घायल भागमानी देवी को रसड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां से उन्हें चिंता जनक स्थिति में रेफर कर दिया गया। पति देवेंद्र राम व पत्नी भागमानी देवी के बीच किसी बात को लेकर कुछ समय से से विवाद चला आ रहा था कि सुबह इसी विवाद ने तुल पकड़ लिया और पति देवेंद्र राम ने धारदार हथियार से उसके गर्दन पर वार कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद देवेंद्र भाग निकला वहीं गांव वालों ने उसे घायल महिला को रसड़ा सीएचसी पहुंचाया। घटना की जानकारी होने पर पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जूट गई है।

## तहसील एवं ब्लाक स्तर पर स्वावलंबन कैम्पों का आयोजन

**गाजीपुर (जनवार्ता)।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने समस्त खण्ड विकास अधिकारी को पत्र प्रेषित कर बताया है कि निदेशालय महिला कल्याण द्वारा जनपद के समस्त संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए प्रत्येक माह के द्वितीय व चतुर्थ बुधवार को तहसील एवं ब्लाक स्तर पर स्वालंबन कैम्पो का आयोजन कराते हुए अधिकाधिक लाभार्थियों को संतृप्त/लाभान्वित करने तथा उसमें लाभान्वित व्यक्तियों की सूचना मिशन शक्ति स्प्रेडशीट पर अपडेट करने के निर्देश दिये गये हैं। उपरोक्त के अनुपालन में कैंप में समस्त अधिकारी, कार्मिक जिन्हे फार्म भरवाना है।। विकास खण्डवार कैम्प किये जाने का विवरण विकास खण्ड सदर में 5 जुलाई को अधिकारी/कर्मचारी श्रीमती शिखा सिंह गौतम तथा श्रीमती लक्ष्मी मौर्या, विकास खण्ड देवकली मे 7 जुलाई को जगमोहन तथा नरेन्द्र, करण्डा में 12 जुलाई को श्रीमती आभा तथा मनीष राय, कासिमाबाद मे 14 जुलाई को श्रीमती शिखा सिंह गौतम तथा श्रीमती लक्ष्मी मौर्या, मुहम्मदाबाद में 19 जुलाई को श्रीमती नेहा राय तथा सुशील मिश्रा, भावरकोल में 21 जुलाई को श्रीमती नेहा राय तथा सुशील मिश्रा, रेवतीपुर में 26 जुलाई को श्रीमती आभा तथा श्री मनीष राय, सैदपुर में 28 जुलाई को जगमोहन तथा नरेन्द्र, बाराचवर में 2 अगस्त को श्रीमती शिखा सिंह गौतम तथा श्रीमती लक्ष्मी मौर्या, मनिहारी में 4 अगस्त को श्रीमती शिखा सिंह गौतम तथा श्रीमती लक्ष्मी मौर्या, सादात में 9 अगस्त को जगमोहन तथा नरेन्द्र, भदौरा में 11 अगस्त को श्रीमती नेहा राय तथा सुशील मिश्रा, जखनियाँ में 16 अगस्त को जगमोहन तथा नरेन्द्र उपस्थित रहेंगे।

## चीतनाथ घाट पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गंगा आरती का आयोजन

**गाजीपुर (जनवार्ता)।** मिशन लाइफ के अन्तर्गत जिला गंगा समिति के सौजन्य से चीतनाथ घाट पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गंगा आरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रभागीय निदेशक गाजीपुर द्वारा समस्त अतिथियों स्वागत किया गया। गंगा स्वच्छता पर नुक्कड़ नाटक तथा स्कूल के छात्राओं द्वारा गंगा गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया गया, तत्पश्चात काशी बटुक नाथ दरबार बृहद मंत्रोच्चार के साथ गंगा आरती की गयी स्थानीय लोगों द्वारा बढ़ चढ़ के प्रतिभाग किया गया। उपस्थित लोगो को गंगा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई डीएम द्वारा घाटों के स्वच्छ बनाये रखने हेतु जनता से अपील की गयी।

## धर्मगुरुओं एवं पीस कमेटी की बैठक




**मीरजापुर (जनवार्ता)।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के साथ सिटी क्लब में आगामी त्यौहारों ईद-उल-जुहा (बकरीद), कावड़ यात्रा/श्रावण मास को सकुशल एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत पुलिस व प्रशासनिक उच्चाधिकारीगण तथा जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के धर्मगुरुओं, पीस कमेटी पदाधिकारीगण सहित सम्भ्रान्त व्यक्तियों की बैठक/गोष्ठी आहूत की गयी। इस दौरान पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारीगण द्वारा उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुनकर निराकरण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। मंदिर एवं मस्जिद पर लगे ध्वनि विस्तार यंत्रों की ध्वनि को मानक के अनुसार रखने की हिदायत दी गयी तथा त्यौहारों के मद्देनज किसी प्रकार की समस्या हो तो सम्बन्धित थाना अथवा पुलिस अधिकारीगण को तत्काल सूचित करें। जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण्ण बनायें रखने तथा आपसी भाई-चारे व सौहार्द को कायम रखते हुए आगामी त्यौहारों को मनाने तथा सकुशल सम्पन्न कराये जाने में पुलिस/प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गयी। इस दौरान अवांछित तत्वों के द्वारा किसी भी प्रकार की अराजकता फैलाने, सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर फैलाने तथा त्यौहार में वर्चुअली या प्रत्यक्ष रूप से गड़बड़ी करने वालों पर सतर्क नजर रखने के लिए सोशल मीडिया सेल द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। उक्त बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक नगर व ऑपरेशन, क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी लालगंज, क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन सहित जनपद के विभिन्न थानों पुलिस अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।




कैसे स्टूडेंट्स की मदद कर रही है वैदिक मैथ

# वैदिक मैथ के स्टूडेंट्स सेकंडों में कर देते हैं बड़े से बड़े कैलकुलेशन

**भोपाल।** 6538954 × 5691 यह कैलकुलेशन करवाना हो वो भी बिना केलकुलेटर के, तो आपको कितना समय लगेगा... शायद 10 मिनट, लेकिन वैदिक मैथ की प्रैक्टिस वाले स्टूडेंट्स इसे कुछ सेकंड में ही सॉल्व कर लेते हैं। जेईई एडवांस्ड में शहर के टॉपर्स में शामिल आर्यमान राठौर इसके उदाहरण हैं। आर्यमान कहते हैं कि मैथ्स के बेसिक कॉन्सेप्ट को मैंने वैदिक मैथ्स से क्लीयर किया। कितना भी बड़ा कैलकुलेशन हो, मुझे 1 मिनट से ज्यादा नहीं लगा। आईआईएम में एडमिशन के लिए होने वाले कैट एग्जाम के एक्सपर्ट श्वेतांग मलिक कहते हैं- कैट एग्जाम क्लीयर करने के लिए जरूरी है कि आपके कैलकुलेशन सही हों और आपकी स्पीड भी मेंटेन रहे। कैट, जैट समेत यूपीएससी प्रिलिम्स का सीसैट पेपर और वे सभी एग्जाम जिसमें ऑब्जेक्टिव सवाल पूछे जाते हैं, उसमें वैदिक मैथ्स के स्टूडेंट्स को हेल्प मिल जाती है। वैदिक मैथ ट्यूटर शेखर अरोरा ने बताया- मैं रिकमेंट करता हूं कि बच्चों को 10 साल के बाद वैदिक मैथ्स सीखने भेजना चाहिए। इस उम्र तक वे जोड़, घटाना और मल्टीप्लीकेशन के लॉन्ग और ट्रेडिशनल प्रोसेस सीख चुके होते हैं, ऐसे में उन्हें जब वैदिक मैथ्स की टेक्निक्स सिखाई जाती हैं, तो वे समझ पाते हैं। वैदिक मैथ्स को सिर्फ 5 दिन में सीखा जा सकता है। 5 दिन के कोर्स में ही बच्चे लंबे कैलकुलेशन 20 से 30 सेकंड कर लेते हैं। वैदिक मैथ की मदद से हम सवाल में ही छुपे जवाब का पता लगा सकते हैं। इसमें पेन-कॉपी की जरूरत नहीं पड़ती, क्योंकि इसमें पूरा कैलकुलेशन ओरली होता है। वैदिक




मैथ की खोज शंकराचार्य स्वामी भारती कृष्ण तीर्थ ने की थी। इसकी मदद से हम बड़े से बड़ा जोड़, घटाव, गुणा, भाग, एचसीएफ, एलसीएम, स्कवायर, स्क्वायर रूट, क्यूब रूट, एलजेब्रिक इक्वेशन, क्वार्डिक ईक्वेशन, इंटीग्रेशन, पैथोगोरस थ्योरम और एपोलोनियस थ्योरम आदि को आसानी से हल कर सकते हैं।

## जांच के आदेश

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव 2019 से पहले आयकर छापों में मिले दस्तावेजों में 3 वरिष्ठ आईपीएस अफसरों के नाम सामने आए थे। सरकार ने इनसे इस मामले में जवाब मांगा था। संतुष्ट न होने पर सोमवार को जांच के आदेश जारी किए गए हैं। यह जांच रिटायर्ड जस्टिस वीरेंद्र सिंह करेंगे। गृह विभाग ने 1989 बैच के रिटायर्ड आईपीएस अफसर बी मधुकुमार और संजय माने तथा 1991 बैच के आईपीएस अफसर सुशोभन बैनर्जी के खिलाफ जांच के आदेश दिए गए हैं। यह पहला मौका होगा जब आईपीएस अधिकारियों की जांच हाईकोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस से कराई जा रही है। आदेश में कहा गया है कि 1989 बैच व एडीजी सुशोभन बनर्जी, इसी बैच के संजय माने और 1991 बैच के एडीजी रहे व्ही मधुकुमार के खिलाफ केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) की रिपोर्ट के आधार पर जांच शुरू की जा रही है। इस मामले में चुनाव आयोग ने पत्र के बाद ईओडब्ल्यू ने दिसंबर 2020 में एफआईआर दर्ज की थी।

विस चुनाव की तैयारी

## चुनावी तैयारी कहां तक पहुंची, शिवराज; कैलाश व वीडी से नड्डा ने लिया फीडबैक



**भोपाल।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्?डा ने सोमवार को देर रात तक चली बैठक में प्रदेश के बड़े नेताओं से पूछा कि अब तक प्रदेश में चुनावी तैयारी कहां तक पहुंची। इस दौरान नड्?डा को चुनावी तैयारियों को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय और प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने फीडबैक दिया। नड्डा ने पूछा कि प्रदेश में चल रही चुनाव तैयारियों के बीच केंद्र की कहां जरूरत है, इसकी जानकारी दें, ताकि जल्द चुनावी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा सके। नड्?डा ने सीएम से दिन भर के घटनाक्रम की जानकारी ली। इस दौरान यह बात भी आई कि 3000 बूथ विस्तारक जो 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' अभियान निकालेंगे उन्हें प्रदेश में कहां-कहां भेजा जा सकता है, इसकी जानकारी दें। मंगलवार को इन विस्तारकों को वहां भेजा जा सके। ये बूथ विस्तारक सात दिन तक चुनावी राज्यों में रहेंगे और वहां कार्यकर्ताओं को बूथ मजबूत करने की ट्रेनिंग देंगे। इस साल के अंत में जिन चार राज्यों में चुनाव होना है, उनमें से राजस्थान, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस और तेलांगाना में टीआरएस की सरकार है। चारों में से मप्र में ही भाजपा की सरकार है। इसलिए भाजपा बूथ विस्तारकों के माध्यम से इन तीनों राज्य में संगठन की स्थिति को मजबूत करने जा रही है जिससे उससे आगामी विधानसभा और 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में फायदा मिल सके।

केंद्र के अप्रूवल के बाद प्रदेश में पांच टीमें गठित की जाएंगी। इन टीमों को प्रदेश में महाकौशल, विंध्य, ग्वालियर-चंबल, मालवा-निमाड़ में भेजा जाएगा। ये टीमें वहां पहुंचकर संगठन को और मजबूत करने की दिशा में काम करेंगी। खासतौर पर मालवा और निमाड़ में इस दिशा में काम किया किया जाएगा। इस दौरान विपक्षी तैयारियों को लेकर भी चर्चा की।

## द केरला स्टोरी जैसी तीन घटनाएं:प्रेमजाल में फंसाकर अश्लील फोटो-वीडियो बनाए, फिर शादी के लिए धर्मांतरण का दबाव

**दमोह।** जिले में फिल्म द केरला स्टोरी जैसी तीन घटनाएं सामने आई हैं। इनमें तीन युवतियों को बहला-फुसला कर प्रेमजाल में फंसाया गया, उनके अश्लील फोटो और वीडियो बनाए गए। शादी के लिए धर्मांतरण का दबाव बनाया गया, जब युवतियों ने दूरी बनाने की कोशिश की तो युवकों ने युवतियों को बदनाम करने उनके अश्लील वीडियो वायरल कर दिए। हालांकि इन युवतियों की ओर से एफआईआर कराने के बाद दो आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया है। जबकि एक आरोपी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस बेंगलुरु गई है। स्टोरी- 1- दमोह निवासी युवती मप्र दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना के तहत एक साल पहले बेंगलुरु में एक गारमेंट्स फैक्टरी में काम करने गई। वहां पर सहकर्मी राजू नामक युवक से उसकी पहचान हुई। दोनों में प्रेम संबंध भी बन गए। युवक युवती के साथ पूजा करता था, लेकिन एक दिन युवती को उसके दस्तावेज हाथ लगे, जिससे पता चला कि राजू, असम का रहने वाला उमर फारूक है। युवती ने पूछा तो दोनों में विवाद होने लगा। युवक इस्लाम कबूल करने का दबाव बनाने लगा।

अब एक जुलाई को शहडोल आएंगे पीएम मोदी

# भारी बारिश के अलर्ट के बाद 27 जून का शहडोल दौरा निरस्त

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब एक जुलाई को शहडोल दौरे पर आएंगे। उनके दौरे की नई तारीख तय हो गई है। वे एक जुलाई को दोपहर तीन बजे शहडोल जिले के पकरिया और लालपुर में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। पीएम मोदी पहले 27 जून को शहडोल जिले के इन कार्यक्रमों में शामिल होने वाले थे, लेकिन भारी बारिश के अलर्ट को देखते हुए उनका दौरा निरस्त कर दिया गया। इससे पहले भोपाल में 27 जून को होने वाला पीएम मोदी का रोड शो भी रद्द हो गया है। नए शेड्यूल के मुताबिक मोदी भोपाल में दो वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके बाद बीजेपी के %मेरा बूथ सबसे मजबूत% कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे। 27 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भोपाल दौरे को लेकर शहर के कई स्कूलों में छुट्?टी घोषित कर दी गई है। उनकी विजिट के कारण राजधानी में कई जगह ट्रैफिक डायवर्ट रहेगा। इसे देखते हुए ये फैसला लिया गया है। सागर पब्लिक स्कूल और आईईएस पब्लिक स्कूल में कल अवकाश रहेगा। सहोदय ग्रुप ऑफ सीबीएसई स्कूल के प्रेसीडेंट डी. अशोक ने बताया कि कार्मल कॉन्वेंट, एसपीएस और सेंट जोसेफ को-एड स्कूल ने 27 जून को पीएम विजिट के दौरान ट्रेफिक डायवर्जन के कारण स्कूल बंद रखने का निर्णय लिया है। आईईएस पब्लिक स्कूल की ग्रुप



डायरेक्टर मनीषा कवाठेकर ने बताया कि 27 जून को स्कूल में छुट्?टी घोषित की गई है लेकिन ऑनलाइन क्लास लगेंगी। सेज इंटरनेशनल स्कूल ने वॉट्सऐप ग्रुप में अवकाश का मैसेज देकर बाद में डिलीट कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी भोपाल में रोड शो नहीं करेंगे। वजह- खराब मौसम है। भोपाल में अगले 3-4 दिन भारी बारिश का अलर्ट है। क्रूका 350 मीटर लंबा रोड शो राजभवन से लेकर पुलिस कंट्रोल रूम तक होना था। रोड शो की मंजूरी को दूसरी बार कैंसिल किया गया है। इससे पहले क्व्ह की ओर से परमिशन नहीं मिली थी। बाद में क्छ्क के अनुरोध पर अनुमति दे दी गई थी। क्छ्क प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने बताया कि %मध्यप्रदेश के मन में मोदी% थीम पर यह रोड शो होना था। भारी बारिश के अलर्ट के बाद इसे कैंसिल कर दिया गया है। प्रधानमंत्री भोपाल में बूथ लेवल वर्कर्स की कार्यशाला को संबोधित करेंगे। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर प्रदेश की दूसरी और तीसरी वंदे भारत ट्रेन (भोपाल-इंदौर-भोपाल और रानी कमलापति-जबलपुर-रानी कमलापति) को झंडी दिखाएंगे। वे क्छ्क की अल्पकालीन विस्तारक कार्यशाला में देशभर की 543 लोकसभाओं के चयनित 3000 बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। भोपाल से क्छ्क के मास्टर ट्रेनर ट्रेनिंग लेकर राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना जाएंगे। भोपाल में हो रही अल्पकालीन बूथ विस्तारक कार्यशाला में क्छ्क ने %मेरा बूथ, सबसे मजबूत% थीम पर कार्यक्रम रखा है। आज शाम क्छ्क के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा देशभर के चयनित 3000 कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे।

# पीएम ने रानी कमलापति-जबलपुर वंदे भारत ट्रेन की रवाना : 100 की स्पीड से चली ट्रेन, स्टेशन पर किया स्वागत

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार सुबह रानी कमलापति-जबलपुर वंदे भारत ट्रेन को रानी कमलापति स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह ट्रेनें अपने मुख्य स्टॉप के अलावा नर्मदापुरम, पिपरिया, गाडरवारा, श्रीधाम, ओबेदुल्लागंज आदि स्टेशनों पर हॉल्ट लेते हुए रवाना हुई। इन ट्रेनों का स्वागत रेलवे अधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों द्वारा किया जा रहा है। वंदे भारत ट्रेन में स्कूली छात्र, रिटायर्ड कर्मचारी आदि ने भी सफर किया। वंदे भारत ट्रेन रानी कमलापति से सुबह 10:58 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ट्रेन करीब 3-4 मिनट में 100 की गति पर पहुंची। करीब 6 मिनट के बाद वंदे भारत 100-130 की गति से 11:18 बजे ओबेदुल्लागंज स्टेशन पहुंची। यहां से छात्रों एवं अन्य यात्रियों को खान पान की वस्तुओं यात्रियों के लिए चढ़ाई



गई। इससे पहले प्रधानमंत्री ने रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से देश की 5 नई वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। क्रू ने पहले रांची-पटना, धारवाड़-केएसआर बेंगलुरु और गोवा (मडगांव)-मुंबई को वर्चुअली लॉन्च किया। बाद में मध्यप्रदेश की दो वंदे भारत भोपाल-इंदौर और रानी कमलापति-जबलपुर को झंडी दिखाई। ये दोनों ट्रेन एक साथ रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से रवाना हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रानी कमलापति-जबलपुर वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवााना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रानी कमलापति-जबलपुर वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवााना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद रहे।आम यात्री 28 जून से कर सकेंगे यात्रा दोनों वंदे भारत ट्रेनों की ऑफिशियल रन 28 जून से होगा। इसकी बुकिंग आईआरसीटीसी एप पर शुरू हो चुकी है। इससे पहले 27 जून को इसका इनॉग्रल रन होगा। जिसमें आम यात्री सफर नहीं कर सकेंगे। बता दें कि ये ट्रेनें 8 कोच के रैक के साथ चलेंगी। 7 एसी चेयर कार और 1 एग्जीक्यूटिव क्लास कोच हैं। इसमें 564 सीटें यात्रियों के लिए उपलब्ध रहेंगी। घाट सेक्शन पर 75 की स्पीड से चली ट्रेन

## उमरिया में 9 घंटे में 5 इंच पानी गिरा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में मानसून की एंट्री के बाद से लगातार बारिश हो रही है। उमरिया में सोमवार को 9 घंटे में 5 इंच से ज्यादा पानी बरस गया। जबकि मंडला में ढाई इंच बारिश हुई। भोपाल, जबलपुर, दमोह, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, सिवनी, छतरपुर, सागर, खंडवा, धार, रायसेन, छिंदवाड़ा, सतना, बैतूल और भोपाल जिले में भी बारिश का दौर जारी है। बैतूल जिले में पिछले 24 घंटे में 4 इंच से ज्यादा पानी गिरा। भोपाल, रतलाम, खंडवा, जबलपुर में 2 इंच से ज्यादा बारिश हुई है। दमोह में तेज आंधी-पानी के बीच रविवार रात शादी का टेंट गिर गया। जिसमें 7 से 8 लोग घायल हो गए। इनमें से एक गंभीर घायल को जबलपुर रेफर किया गया। जबलपुर में सोमवार को लगातार बारिश का दौर जारी रहा। यहां शाम तक करीब ढाई इंच बारिश हो गई। जिससे शहर की सड़कों और कॉलोनियों में जलभराव की स्थिति बन गई। वहीं जिले में कई नदी नाले उफान पर आ गए। मौसम विभाग के मुताबिक जबलपुर में सोमवार शाम तक 65.2 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है।




# दर्शक पति जोरावर अहलूवालिया से अलग हुई फेमस यूट्यूबर कुशा कपिला

फेमस यूट्यूबर अपने पति जोरावर से अलग हो चुकी 6 साल की शादी के बाद कपल ने तलाक ले लिया है। इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर करते हुए कुशा ने इस बात की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह फैसला उनके लिए बेहद मुश्किल रहा है।

कुशा ने इंस्टाग्राम पोस्ट पर पर लिखा- 'जोरावर और मैंने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है। यह हमारे लिए बिल्कुल भी आसान फैसला नहीं था, लेकिन हम यह जानते हैं कि हमारी लाइफ के इस मोड़ पर यह फैसला लेना बिल्कुल सही है। हमने जो प्यार और लाइफ एक साथ जी है, वो हमारे लिए सब कुछ है। लेकिन दुख की बात है कि आगे की लाइफ में हम अपने लिए जो चाहते हैं, वह एक-दूसरे से बिल्कुल अलग है।'



कुशा कपिला अब अहलूवालिया हैं।


किसी रिश्ते का खतम होना वाकई हार्टब्रेकिंग है और यह हमारे और हमारी फैमिली के लिए भी बहुत बुरा और मुश्किल वक्त रहा है। शुक्र है, हमारे पास इससे निपटने के लिए कुछ समय है, लेकिन हमने जो शेयर किया और जो एक साथ बनाया...वह दशक से ज्यादा समय तक साथ रहा। हमें अपनी लाइफ के अगले फेस तक पहुंचने के लिए अभी बहुत ज्यादा समय और हील होने की जरूरत है। आज हमारा ध्यान इस बात पर है कि हम इस वक्त को एक-दूसरे के प्रति प्यार, सम्मान और सपोर्ट के साथ गुजारें।

अपनी पेट डॉग माया के बारे में बात करते हुए कुशा ने लिखा- हम अपनी लाइफ के प्यार माया के को-पेरेंट बने रहेंगे। साथ ही हम हमेशा एक-दूसरे के चेयर लीडर्स और सपोर्टिंग पिलर बनकर खड़े रहेंगे। कुशा के एक्स हसबैंड जोरावर ने भी यही पोस्ट अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है, हालांकि, एक्स कपल ने इस पोस्ट पर कमेंट ऑफ कर रखा है।

# जब रणवीर सिंह को इस एक्टर ने जड़ दिए थे 24 थप्पड़! कैमरे में कैद हुई ये घटना

रणवीर सिंह इन दिनों अपनी फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' को लेकर सुर्खियों में छाए हुए हैं. इसमें एक्टर के अपोजिट आलिया भट्ट नजर आएंगी. रणवीर सिंह की अदाकारी को बहुत पसंद किया जाता है. वह सिल्वर स्क्रीन पर अपने अलग-अलग किरदारों से फैंस को चुके हैं. साल 2018 में रणवीर सिंह फिल्म पद्मावत में नजर आए थे, जिसमें उन्होंने अलाउद्दीन खिलजी का खतरनाक रोल निभाया था. संजय लीला भंसाली के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म सुपरहिट साबित हुई थी.

'पद्मावत' फिल्म में रणवीर सिंह का किरदार और खौफनाक लुक काफी चर्चा में रहा. एक तरह से कहा जा सकता है कि उन्होंने अलाउद्दीन खिलजी के रोल में जान फूंक दी थी. यहां तक कि रणवीर सिंह को इस रोल को निभाने के दौरान एक-दो नहीं बल्कि पूरे 24 थप्पड़ खाने पड़े थे. इसके पीछे एक दिलचस्प किस्सा है.



दरअसल, फिल्म 'पद्मावत' का एक सीन है, जिसमें रजा मुराद, रणवीर सिंह को थप्पड़ मारते हैं. अगर आपने फिल्म देखी होगी तो वो सीन आपको शायद याद होगा, लेकिन रणवीर सिंह को उस सीन के चक्कर में 24 थप्पड़ खाने पड़े थे. डायरेक्टर संजय लीला भंसाली को सीन परफेक्ट नहीं लग रहा था, तो उन्होंने बार-बार रीटेक करवाए. 24 रीटेक के बाद डायरेक्टर को थप्पड़ वाला सीन परफेक्ट लगा. इस तरह एक सीन करने के लिए रणवीर सिंह को रजा मुराद से कई थप्पड़ खाने पड़े थे. रणवीर सिंह की फिल्म 'पद्मावत' में शाहिद कपूर, दीपिका पादुकोण, जिम सर्भ, अदिति राव हैदरी, अनुप्रिया गोयनका जैसे सितारों ने अहम भूमिकाएं निभाई थीं.

बता दें कि रणवीर सिंह और आलिया भट्ट की फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' 28 जुलाई, 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी. इसमें जया बच्चन, धर्मेंद्र और शबाना आजमी जैसे सितारे नजर आएंगे. ये एक लव स्टोरी फिल्म है, जिसका निर्देशन करण जौहर ने किया है.



# ...जब 'खलनायिका' बन गई काजोल, मनीषा ने भी दिखाया दम

साल 1997 में आई राजीव राय द्वारा निर्देशित सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर फिल्म 'गुप्त'देखने के बाद दर्शकों के होश उड़ गए थे. इस फिल्म में बॉबी देओल,, मनीषा कोइराला, काजोल लीड रोल में थे. फिल्म में ओम पुरी, राज बब्बर और कुलभूषण खरबंदा ने शानदार एक्टिंग कर दर्शकों पर छा गए थे. वहीं पहली बार किसी फिल्म में काजोल-मनीषा और बॉबी देओल की जोड़ी बनी थी. फिल्म रिलीज होने के बाद अगर किसी ने सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरी थीं वो थीं काजोल. फिल्म में काजोल ने ईशा दीवान का रोल प्ले किया था. वह फिल्म की खलनायिका थीं. लेकिन क्या आपको पता है इस रोल के लिए काजोल डायरेक्टर की पहली पसंद नहीं. वहीं बॉबी देओल और मनीषा कोइराला को भी फिल्म में काम करने का मौका बेहद मुश्किल से मिला था. गुप्त फिल्म को हिंदी सिनेमा की सर्वश्रेष्ठ थ्रिलर फिल्मों में से एक कहा जाता है. यह बॉलीवुड की कल्ट क्लासिक फिल्मों में एक है. त्रिमूर्ति फिल्म्स के तहत बनी ये फिल्म गुलशन राय और राजीव राय की आखिरी हिट थी. 10 करोड़ के बजट में बनी यह फिल्म बॉक्स-ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही और दुनिया भर में 33 करोड़ से अधिक की कमाई की थी जबकि भारत में 30 करोड़ के आप पास शानदार कमाई की. साल 1997 में ये पांचवी सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म थी.

'गुप्त' के लिए काजोल पहली पसंद नहीं थीं? ईशा दीवान के लिए सबसे डायरेक्टर ने रवीना टंडन को साइन किया था. बॉबी देओल के साथ रवीना टंडन इस फिल्म के लिए एक प्रोमोशनल फोटो भी एक साथ शूट करवा चुकी थीं. हालांकि कुछ निजी कारणों से रवीना ने इस फिल्म करने से इनकार कर दीं. रवीना के मना करने के बाद राजीव राय काजोल से संपर्क किया और वह इस निगेटिव रोल के लिए राजी हो गईं. रिपोर्ट्स के अनुसार, ईशा दीवान के रोल अलावा डायरेक्टर ने रवीना शीतल चौधरी का भी रोल ऑफर किया था. रवीना इसके लिए भी तैयार नहीं हुईं और बाद में मनीषा कोइराला ने उन्हें रिप्लेस कर दिया. कहा जाता है कि करिश्मा कपूर को भी शीतल चौधरी का रोल ऑफर किया गाय था लेकिन बात नहीं बन पाई.



मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com .